## खबर संक्षेप



### लघु सचिवालय में शुरू हुआ 5 मिनट योग ब्रेक

**करनाल।** आयुष विभाग तथा हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिला प्रशासन करनाल के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय के सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए 5 मिनट योग ब्रेक की शुरुआत की गई है।आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ अमित पुंज ने कर्मचारियों को ताड़ासन, अर्ध चक्रासन, स्कंध संचालन, कटि चक्रासन, ग्रीवा संचालन, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम जैसे अभ्यास करवाए, जो कमर दर्द, गर्दन दर्द व तनाव से राहत देने में सहायक हैं। जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने बताया कि आयुष संस्थानों में यह योग ब्रेक नियमित रूप से कराया जा रहा है और आज 300 से अधिक कर्मचारियों ने इसमें भाग लिया।

### पेरेंट्स मीटिंग में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला, फरीदपुर (घरौंडा) में वारित्रा फाउंडेशन करनाल की ओर से पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों के माता-पिता उत्साहपूर्वक पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल, चार्ट और अन्य सामग्री की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। अध्यापक हरदीप मलिक और लाइब्रेरियन सतनाम ने कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरदीप मलिक ने बताया कि वारित्रा फाउंडेशन ने स्कूल में लाइब्रेरी स्थापित की है, जिसमें सतनाम सप्ताह में दो दिन सेशन लेते हैं। बच्चों में पढ़ने की रुचि जागृत करने के लिए वह कहानियां, गतिविधियां, बालगीत, पेंटिंग और क्राफ्ट जैसी रचनात्मक एक्टिविटी करवाते हैं।

### किसानों की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा

**करनाल।** पंजाब नेशनल बैंक करनाल मंडल कार्यालय में सेक्टर-12 स्थित परिसर में पीएनबी एग्री आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के कुलपति सुरेश मल्होत्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सतत कृषि विकास जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैंक द्वारा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गए।

### बुढ़ाखेड़ा में 125 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**करनाल।** रोटरी क्लब करनाल मिडटाउन ने सोनी हेल्थ सर्विस के सहयोग से शिव मंदिर बुढ़ाखेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। कैंप का शुभारंभ नरेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया और मुख्य अतिथि राजकुमार गुप्ता रहे। शिविर में 125 लोगों की विभिन्न परीक्षणों सहित जांच की गई। हिमोग्लोबिन, बीपी, ब्लड शुगर, यूरिक एसिड टेस्ट के साथ-साथ दवाइयों का मुफ्त वितरण भी किया।

# आत्मनिर्भर भारत केवल अभियान नहीं देश की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान रथ यात्रा का इंद्री पहुंचने पर किया भव्य स्वागत**

*इंद्री हलके के विधायक एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान रथ यात्रा के संयोजक रामकुमार कश्यप ने लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान रथ यात्रा का इंद्री में पहुंचने पर विधायक एवं हलके में यात्रा के संयोजक रामकुमार कश्यप ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान यात्रा में साथ चल रहे प्रदेश संयोजक पर्व शर्मा, सहसंयोजक प्रीति जौहर, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष घुमन सिंह किरमिच, डॉ ऋषिपाल मथाना, करनाल भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, कुरुक्षेत्र भाजपा जिला अध्यक्ष तेजिन्द्र गोल्डी विशेष रूप से मौजूद रहे।

विधायक एवं यात्रा के संयोजक रामकुमार कश्यप ने इस मौके पर उपस्थित लोगो को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए जन भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक अभियान नहीं बल्कि देश की आर्थिक स्वतंत्रता का संकल्प है। जब हम स्वदेशी को अपनाते हैं तो हम देश के छोटे उद्योगों, किसानों, कारीगरों व स्थानीय व्यवसायों को मजबूत करते हैं। यह अभियान हमारे स्थानीय उत्पादन को वैश्वीक पहचान दिलवाने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है।



इंद्री। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा नेता।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मार्किट कमेटी चेयरमैन महिन्द्र सिंह पंजोखरा, मार्किट कमेटी वाईस चेयरमैन दीपक बंसल, राकेश पाल, धर्मपाल शांडिल्य, सुदर्शन बजाज, रघबीर बतान, विनोद दीवान, वीना, कांता देवी, कंवलजीत, गुरमीत, पाला राम, अनिल वोहरा व सेठपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जनसंपर्क अभियान शुरू

विधायक ने कहा कि इस अभियान के तहत जन सम्पर्क अभियान भी शुरू किया गया है जिसके तहत बाजारों व घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के तहत लोगों को स्वदेशी पत्र की कॉपी भी वितरित की जाएगी ताकि स्वदेशी की महत्वता के बारे सबको जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को खरीदेंगे तो निसंदेह इससे देश उन्नति की ओर अग्रसर होगा। उन्होने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कहा कि वे इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें और इस अभियान को सफल बनाएं।

## ब्रह्माकुमारी मुरली में आत्मचेतना पवित्रता और विश्वशांति का संदेश



तरावड़ी। आश्रम में प्रवचन करते बीके सुदेश बहन।

- ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मुरली रूपी सत्संग का विशेष आयोजन

**तरावड़ी।** लक्ष्मी कॉलोनी में स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मुरली रूपी सत्संग का विशेष आयोजन हुआ। जिसमें संचालिका सुदेश बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारी मुरली में शिव बाबा ने आत्मा की पहचान, आचरण और सेवा का महत्व समझाया, प्रत्येक आत्मा परमात्मा की संतान है और उसका मूल लक्ष्य शुद्धता, शांति तथा प्रेम का प्रकाश फैलाना है। आत्मा को शरीर नहीं बल्कि बिंदु रूप की दिव्य सत्ता के रूप में समझना चाहिए और यह परिवर्तन तभी संभव है जब हम मन, वचन और कृत्यों में पूर्ण पवित्रता बनाए रखें। आज का संदेश बताता है कि विश्व को शान्ति, प्रेम तथा सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता है और ब्रह्माकुमारी अनुयायी रजयोग अभ्यास के माध्यम से इन गुणों को आत्मसात तथा दूसरों तक पहुँचाने का प्रयास करें। दैनिक मुरली अध्ययन और अमृतवेला (प्रातः ध्यान) की प्रैक्टिस से आत्मा की शुद्धि और चेतना की वृद्धि होती है। मुरली में यह भी कहा गया कि जब आत्मा मनमनभाव (मन से परमात्मा का स्मरण) करती है, तब उसकी कमजोरियाँ कम होती हैं और वह आद्यात्मिक शक्तियाँ प्राप्त करती है। इसी प्रकार, शांति, ऊर्जा और प्रेम का संचार कर दूसरों की सहायता करना भी सर्वोच्च दायित्व है। आज का मुख्य उद्देश्य आत्मा को आत्मज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ाना और दुनिया में मुक्ति तथा संतुलन का संदेश फैलाना बताया गया है। इस अवसर पर बी के इंदु बंसल, रजनी चौधरी, सुमन, सलोचन, सरोज, बबली, सुषमा चावला, रमेश चौधरी, रमेश कुमार व राम कुमार गुप्ता मौजूद रहे मुरली सुनाती सुदेश बहन ,बी के रेशमा बहन एवं उपस्थिति थे।

## तरावड़ी मार्केट कमेटी की पहली बैठक में रखे गए 12 एजेंडे

**विधायक भगवान दास ने ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

मार्केट कमेटी तरावड़ी की नवगठित कार्यकारिणी की पहली बैठक आज समिति परिसर में शांतिपूर्ण और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने शिरकत की। वहीं बैठक की अध्यक्षता मार्किट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी एवं वाइस चेयरमैन राजीव नारंग ने की। बैठक में मार्कीट कमेटी सचिव संजीव सहित सहित मंडी आढ़ती उपस्थित रहे।

बैठक में कुल 12 एजेंडा रखे गए, जिन पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। इन एजेंडों में मंडी की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार, किसानों के लिए सेवाओं में सुधार, स्वच्छता व्यवस्था, नीलामी प्रक्रिया में पारदर्शिता, विभिन्न मरम्मत कार्य, नई तकनीक के उपयोग तथा वित्तीय अनुमोदन से जुड़े प्रस्ताव के अलावा मंडी की जमीन पर कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण, चारा मंडी की चारदीवारी शामिल रहे।



तरावड़ी। विधायक का स्वागत करते मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता व अन्य।

इसके अलावा लोगों की शिकायत थी कि सब्जी मंडी में रेत, बजरी वाले लोगों का कई वर्षों से कब्जा है उस पर भी विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि रेत, बजरी वालों को अब सब्जी मंडी हर हालत में छोडन्नी पड़ेगी। विधायक कबीरपंथी ने कहा कि मंडी क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि मंडी के विकास, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, सडक़ व शेड निर्माण, आधुनिक सुविधाएं तथा किसानों की सुविधा से जुड़े सभी प्रस्तावों को सरकार द्वारा पूरा सहयोग मिलेगा। बैठक में चेयरमैन रणदीप चौधरी एवं वाइस चेयरमैन राजीव नारंग ने बताया कि नई कार्यकारिणी का उद्देश्य मंडी को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसान-हितैषी बनाना है। बैठक में यह भी तय किया गया कि आने वाले समय में मंडी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी। कार्यकारिणी ने उम्मीद जताई कि लिए गए निर्णयों से किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत नशा तस्कर काबू

**करनाल।** हरियाणा सरकार के "नशा मुक्त प्रदेश" अभियान के तहत चल रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन में करनाल नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने एक नशा तस्कर को उसके घर से गिरफ्तार किया। टीम ने शिवपुरी, अर्जुन गेट स्थित बाल्मीकि बस्ती में दबिश देकर उसके कमरे में बिस्तर के नीचे से 8.29 ग्राम हेरोइन बरामद की।

यूनिट प्रभारी निरीक्षक ऋषीपाल सिंह ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख और पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के निर्देशों पर पूरे प्रदेश में नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में यह सफलता मिली। टीम को एएसआई बलिंदर सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को काबू किया गया और पूछताछ में उसने नशीले पदार्थ की अवैध बिक्री में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है ताकि उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचा जा सके।



## दिल्ली महा रैली देश के इतिहास मे एक नया अध्याय स्थापित करेगी : वाल्मीकि

**तरावड़ी।** चुनाव आयोग संविधान व लोकतन्त्र से ऊपर नही है और जनता के द्वारा चुनी गई भारतीय संसद मे उस पर चर्चा ना होने देना तानाशाही की तरफ बढ़ता हुआ कदम है उक्त विचार जिला करनाल कांग्रेस के ग्रामीण प्रधान व हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. राजेश वैध वाल्मीकि ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओ की एक बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महा रैली एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें कांग्रेस पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जनता के सामने रखा जाएगा। डॉ. वैध ने कहा कि यह रैली देश के भविष्य को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा और इसमें अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही देश के गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लड़ती आई है और इस रैली में भी इन मुद्दों को उठाया जाएगा। डॉ. वैध ने कहा कि रैली में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे और देश के विभिन्न हिस्सों से लोग आएंगे। उन्होंने कहा कि यह रैली एकता और एकजुटता का प्रतीक होगी और देश के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। डॉ. वैध ने कहा कि वह स्वयं भी इस रैली में शामिल होंगे और करनाल से बड़ी संख्या में लोगों को लेकर जाएंगे।

## न्यूज डायरी

### ताइक्वांडो में कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने जीते तीन मेडल




**करनाल।** सहोदया इंटर स्कूल कम्पीटिशन 2025 के तहत माउंट लीटरा जी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में करनाल के लगभग 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कान्वेंट स्कूल करनाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया और तीन मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में दिव्यांशी ने स्वर्ण पदक, जबकि भव्या और सक्षम ने रजत पदक हासिल किए। बच्चों के अभिभावक जसबीर सिंह और नवीन कंबोज ने कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास से यह सफलता पाई है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए स्कूल के खेल प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया। दिव्यांशी, भव्या और सक्षम ने अपनी उपलब्धि का श्रेय प्रशिक्षकों और माता-पिता को दिया। ये तीनों खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी अपनी छाप छोड़ चुके हैं और अब बड़े मंचोंकॉमनवेल्थ व ओलंपिक पर मेडल जीतने का लक्ष्य लेकर निरंतर मेहनत कर रहे हैं।

### 281 लाख रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास



**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेनू बाला गुप्ता ने वार्ड 4, 8 और 9 में कुल 2 करोड़ 81 लाख रुपये की लागत से होने वाले 16 विकास कार्यों का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम में तीनों वार्डों के पार्षद, उनके प्रतिनिधि तथा नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं और किसी भी क्षेत्र को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहीद उधम सिंह चौक से मेरठ रोड तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है और करीब 15 दिनों में सड़क की एक साइड तैयार हो जाएगी। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि शहर के विकास में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हर विकास कार्य की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए संबंधित स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए जागरूकता शिविर लगाया



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने की। वीरवार को डा. इरम हसन सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक सदन पहुंचीं, जहां उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से बातचीत कर उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी। डा. इरम हसन ने बताया कि मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किए गए, जिनमें असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसल ने जिले के विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता शिविर लगाए। इन शिविरों का उद्देश्य लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कर्मचारियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। इसी कड़ी में पैरा लीगल वालंटियर अन्ना पाल ने अंबेडकर चौक पर जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को नशे में वाहन चलाने के दुष्प्रभाव बताए और नशा न करने का संकल्प दिलाया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर रोशन लाल व टीम ने चालान ड्राइव चलाकर लोगों को 13 दिसंबर को लगने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से चालानों के निपटारे संबंधी जानकारी दी।

### हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी निभाने का अवसर




**करनाल।**भाजपा संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से घरौंडा, करनाल और नीलोखेड़ी में बूथ अध्यक्षों व बीएलए-2 की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता और जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल मौजूद रहे। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जहां हर कार्यकर्ता को सम्मान और जिम्मेदारी दोनों मिलते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में बूथ स्तर तक संगठनात्मक संरचना को मजबूत करने के लिए कार्यकारिणी बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने 'मन की बात' कार्यक्रम में करनाल के लगातार प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

**प्रमुख मार्गों पर चरमरा रही व्यवस्था, दुकानें व रेहड़ियां बढ़ीं और रास्ते हुए गायब**

# घरौंडा में अतिक्रमण से आमजन का जीना हुआ मुश्किल

- दुकानदारों ने दुकानों के आगे 5 से 10 फीट तक अवैध कब्जे किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शहर में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे अतिक्रमण ने लोगों का सामान्य जीवन दूभर कर दिया है। हालात यह हैं कि शहर का कोई भी प्रमुख चौक-चौराहा ऐसा नहीं बचा जहां दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे 5 से 10 फीट तक अवैध कब्जे न कर रखे हों। पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक, सभी के लिए सड़कों पर निकलना चुनौती बन चुका है।

रेलवे रोड, एस.डी. मंदिर रोड, अराईपुरा रोड और रेलवे फाटक पुल के आसपास अतिक्रमण चरम पर है। दुकानदारों के अलावा रेहड़ी-फड़ी संचालकों ने भी इन स्थानों पर स्थाई कब्जे जमा लिए हैं। इस वजह से इन मार्गों पर दिनभर जाम की समस्या बनी रहती है। अराइनपुरा रोड और एस.डी. मंदिर रोड का हाल तो सबसे अधिक खराब है। मेरठ रोड से रॉन्ग साइड में आने वाले बड़े ट्रक और ट्राले यहां स्थिति को और बिगाड़ देते हैं। कई बार लगभग एक-एक घंटे तक जाम लगता है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इन मार्गों पर अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानें 10 फुट तक आगे बढ़ा ली हैं। इनके अलावा रेहड़ी संचालकों ने दुकानों के ठीक सामने अपने ठेले लगा लिए हैं, जिससे सड़क का बचा-कुचा हिस्सा भी पूरी तरह बाधित हो जाता है। एस.डी. मंदिर चौक—जिसे घरौंडा का 'चांदनी चौक' भी कहा जाता है—की स्थिति सबसे अधिक बदहाल है। यहां दोनों ओर रेहड़ियां लगने से आवागमन लगभग बंद हो जाता है। स्थानीय लोग बताते हैं कि जिस रफ्तार से अतिक्रमण बढ़ रहा है, आने वाले समय में यहां पैदल चलना भी मुश्किल हो जाएगा।



**दुकानदारों पर मासिक वसूली के आरोप**

*स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रेलवे रोड और एस.डी. मंदिर रोड पर कई दुकानदार अपने सामने खड़ी की जाने वाली रेहड़ियों से मासिक किराया वसूलते हैं। यह जानकारी नगर पालिका प्रशासन को भी है, लेकिन इसके बावजूद किसी दुकानदार या रेहड़ी संचालक पर कार्रवाई नहीं की जाती। `लवे रोड पर तो कुछ रेहड़ी संचालक ऐसे भी हैं जो पिछले कई वर्षों से एक ही स्थान पर स्थाई रूप से जमे हुए हैं।*

*नगर पालिका की कार्रवाई 'कागजों तक सीमित'*

*नगर पालिका प्रशासन की ओर से समय-समय पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जरूर जाता है, लेकिन स्थानीय राजनेताओं और पार्षदों के दबाव के कारण अभियान हर बार अधूरा रह जाता है। हाल ही में नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी गुप्ता की अध्यक्षता में रेलवे रोड के दुकानदारों के साथ बैठक कर समस्या का समाधान निकालने पर विचार-विमर्श किया गया था।*

*नगर पालिका सचिव रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि, "हम समय-समय पर अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाते रहते हैं।*

# मतदाता गणना पत्रकों की बारीकी से जांच के निर्देश

- गणना पत्रकों की सटीकता सुनिश्चित करें : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी नगरपालिका में गुरुवार को एसडीएम अशोक कुमार ने एसआइआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) कार्य को लेकर एक अहम बैठक ली। बैठक में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के सभी मास्टर ट्रेनर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ मौजूद रहे।

एसडीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम अशोक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि घर-घर जाकर भरे जा रहे मतदाता गणना पत्रक पूरी तरह सटीक हों। किसी भी तकनीकी या जानकारी संबंधी त्रुटि की कोई गुंजाइश न रहे। यह सुनिश्चित करे कि ऑफलाइन भरी गई जानकारी और ऑनलाइन डेटा बिल्कुल मेल खाए।

**मतदाता सत्यापन पर्चियां घर-घर बांटें**

एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन पर्ची वितरित करें। इन पर्चियों के माध्यम से मृत मतदाताओं, बाहर रहने वाले व्यक्तियों या अन्यत्र स्थानांतरित मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएंगे। बैठक में एसडीएम ने जानकारी दी कि क्षेत्र की मैपिंग प्रक्रिया जारी है। इसके लिए आवश्यक डेटा जुटाया जा रहा है। नगरपालिका तरावड़ी के वार्ड नंबर 8 में होने वाले उप-चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची को अंतिम रूप देने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

### जेजेपी प्रधान रामनिवास सरकार पर साधा निशाना

**पानीपत।** जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी ने आज जेजेपी पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस कर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा जेजेपी की जुलाना में सफल रैली के बाद बीजेपी सरकार घबरा गई है। दुष्यंत चौटाला की बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी सरकार डर रही है। हमारे नेताओं की सिक्योरिटी छीनना सरकार का डर साफ दिखाई दे रहा है।

### निंबरी में 16 को लगेगा मेगा जागरूकता कम सेवा शिविर

**पानीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 16 दिसंबर को गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, निंबरी में विशाल मेगा जागरूकता कम -सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों तथा रोजगार संबंधी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 16 को

**पानीपत।** आगामी मंगलवार 16 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे और बैठक में रखी जाने वाली शिकायतों को सुनेंगे। यह जानकारी उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने दी।

### उग्राखेड़ी में नशा मुक्ति पोस्टर स्पर्धा आयोजित

**पानीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के बैनर तले पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग और एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे अभियान के तहत आज राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उग्राखेड़ी में पोस्टर प्रतियोगिता और रैली का आयोजन किया गया। एंटी ड्रग नोडल अधिकारी एएसआई जगपाल ने कहा कि नशा करने वाले परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी धूल में मिल जाती है।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** ऑपरेशन हॉट स्पॉट अभियान के तहत थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने आज दबिश देकर दुकान के बाहर अवैध रूप से शराब बेच रहे युवक को बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि उनकी टीम ने सूचना के टोनी कॉलोनी में दुकानदार को काबू कर गत्ता पेट्टी को चेक करने पर 6 बोतल व 36 पव्वे देसी शराब मिली।

### चोरी की बाइक के साथ हुए आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस टीम ने विकास नगर में एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान यूपी के बदायू जिले के हरदासपुर गांव निवासी सोनू के रूप में हुई है। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 प्रभारी सब इंस्पेक्टर अनिल ने बताया कि सूचना के आधार पर एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान सोनू पुत्र अशोक निवासी हरदासपुर बदायू यूपी के रूप में बताई।

### कृषि उपकरणों का भौतिक सत्यापन 12 व 13 को

**पानीपत।** फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के तहत किसानों द्वारा खरीदे गए कृषि उपकरणों का भौतिक सत्यापन 12, 13 और 14 दिसंबर को किया जाएगा। डीसी दहिया ने बताया कि सरकार किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत राशि का अनुदान प्रदान कर रही है। किसानों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर अपने कृषि यंत्र समय पर लेकर पहुंचे, ताकि अनुदान प्रक्रिया सुचारु व पारदर्शी तरीके से पूरी हो सके।

---

#### नई कंप्यूटर लैब का उद्घाटन समारोह

# कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान युग की महत्वपूर्ण आवश्यकता : आर्य

कंप्यूटर विभाग के प्रभारी अंकुर अग्रवाल व उपाचार्य जगदीश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। कंप्यूटर लैब का रिबन काटकर शुभारंभ करते प्रधान रणदीप आर्य व अन्य। फोटो: हरिभूमि

विश्व यूनेस्को दिवस पर आर्य बाल भारती विद्यालय में नई कंप्यूटर लैब के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की। कोषाध्यक्ष मेहताब आर्य ने सभी का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधक जसवीर ग्वालडा, उप प्रधान ओम दत्त आर्य, रविंद्र कादियान, मा.प्रवीन योगी, प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने भी कार्यक्रम संबोधित किया। कंप्यूटर विभाग के प्रभारी अंकुर अग्रवाल व उप्राचार्य जगदीश आर्य ने सभी का आभार व्यक्त जताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के छात्रों ने भी पूर्ण सहयोग दिया। प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा वर्तमान युग की महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गई है। आज मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर शिक्षा में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रवेश पा लिया है। इसलिए सभी छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा लेनी चाहिए। यूनेस्को का मुख्य कार्य शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति और संचार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाकर विश्व शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। यूनेस्को ने दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत घोषित करके भारत की सत्य सनातन वैदिक संस्कृति को पुनः विश्व पटल पर स्थापित करके एक सराहनीय कार्य किया है। अब दीपावली विश्व विरासत बनकर विश्व स्तर पर अपनी रोशनी बिखेर पाएगी।

---

# अल्फाबेट एक्टिविटी का आयोजन

- नन्हें विद्यार्थियों ने खेल-खेल में सीखा अंग्रेजी अक्षरों की पहचान करना

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। शारीरिक गतिविधियों से अक्षरों की पहचान सीखते नन्हें बच्चे।

नई अनाज मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में प्री.प्राइमरी शाखा नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी विद्यार्थियों के लिए अल्फाबेट एक्टिविटी का आयोजन किया गया। प्राचार्या अलका शर्मा ने कहा कि इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अंग्रेजी वर्णमाला से परिचित कराना, अक्षरों की पहचान मजबूत करना तथा सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की शिक्षिकाओं शालू, आशु तथा रीमा जैन द्वारा रंग.बिरंगे फ्लैश कार्ड, चार्ट, अल्फाबेट टॉयज तथा इंटरैक्टिव वीडियो के माध्यम से किया गया।

**शैक्षणिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण गतिविधियां**

*अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विद्यालय कि प्रबंधक समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल तथा कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के प्रारंभिक शैक्षणिक विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।*

### हिन्दी की गूंज टीम ने कंचन सागर को सौंपे स्मृति चिन्ह

**पानीपत।** हिन्दी की गूंज की प्रभारी कंचन सागर के निवास पर आज सभी सदस्यों ने एक साथ मिलकर हिन्दी की गूंज सम्मान समारोह से प्राप्त स्मृति चिन्ह, शॉल एवं सर्टिफिकेट्स कंचन सागर को भेंट किये। बता दें कि कंचन सागर के प्रोत्साहन से ही पानीपत से चौदह सदस्य हिन्दी की गूंज से जुड़ चुके हैं। वहीं हिंदी की गूंज के पानीपत के 4 सदस्यों ने पुस्तकें लिखी हैं जिनके नाम हैं मोनिका सलूजा, नीलम मेहता, सरोज आहूजा व ज्योत्सना गर्ग।

### द रेप ऑफ द लॉक प्रतियोगिता आयोजित



**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक पेपर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। विषय अलेक्सजेंडर पॉप द्वारा रचित द रेप ऑफ द लॉक रहा। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि इस प्रकार की प्रस्तुतियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद करती हैं तथा उनमें मंच के प्रति भय को दूर करती हैं। साथ ही ये गतिविधियां न केवल शैक्षणिक परिस्थितियों में, बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक पहलुओं से भी मूल्यवान सिद्ध होती हैं और उन्हें भविष्य में सार्वजनिक रूप से अपने भावों को सहजता से प्रकट करने में भी मदद करती हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ.नीलम ने कहा कि अंग्रेजी विभाग समय.समय पर ऐसी गतिविधियां करवाता रहता है। इस कार्यक्रम में कुल 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन प्रिया बरेजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग के डॉ.निधि, डॉ.स्वाति पुनिया, डॉ.नेहा पुनिया, रेखा शर्मा, राहुल, रेशु और दीप्ति शर्मा भी मौजूद रहे।

---

# मेयर कोमल ने सुनीं समस्याएं

- जनता की हर समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी : कोमल सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। कैंप में लोगों की शिकायतें सुनते हुए मेयर कोमल सैनी। फोटो: हरिभूमि

बाबरपुर मंडी के लंबे समय से हाउस टेक्स की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। यह 2010 में निगम क्षेत्र में आने के बाद सभी का यहां पहले मंडी होने के कारण सभी का व्यवसायिक श्रेणी का टैक्स लगा हुआ था। बाबरपुर मंडी के निवासी जब मेयर कोमल सैनी से मिल उन्हें मामले से अवगत करवाया तो मेयर में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्या का समाधान कर सभी का टैक्स नियमानुसार ठीक किया जाए। बाबरपुर मंडी में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पार्षद कुसुम भट्ट के साथ मेयर कोमल सैनी का स्वागत किया एवं कैंप लगवाने के लिए मेयर का आभार जताया। मेयर सैनी ने कहा कि पानीपत का हर नागरिक हमारा परिवारजन है। लोगों की समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए हम निरंतर कार्यरत भी है। बाबतपुर मंडी को लोगों ने इस मामले में अवगत करवाया इसके बाद अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि मंडी में स्वयं जाकर लोगों के दस्तावेजों को देखकर उनके हाउस टेक्स एवं प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाए।

**80 लोगों ने अपना आवेदन किया**

*इसी कड़ी में आज पानीपत नगर निगम के वार्ड नं 26 की बाबरपुर मंडी क्षेत्र में नगर निगम द्वारा हाउस टेक्स ठीक करने हेतु 2 दिवसीय कैंप लगाया गया है। आज पहले दिन कुल 80 लोगों ने अपना आवेदन किया। जिसमें 65 लोगों की ऑफलाइन एवं 15 लोगों के ऑनलाइन आवेदन किया गया। सभी के दस्तावेजों की जांच कर हाउस टैक्स ठीक किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद कुसुम भट्ट, सुनील अरोड़ा, पुलकित पसरिचा व पुनीत आहूजा आदि उपस्थित रहे।*

---

# जन-सुनवाई जिम्मेदारी व जवाबदेही का कड़ा मंच

- एसडीएम मनदीप ने विभागों को दिए लंबित मामलों पर तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए डीसी डा.वीरेंद्र दहिया व अन्य अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

जिला सचिवालय सभागार में आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त ने गैर-हाजिर अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि जनता की समस्याओं से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शिविर में अधिकारी-कर्मचारियों की हाजिरी पद अनुसार जांची गई। समाधान शिविर में ना आने वाले अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा।

उपायुक्त ने जन शिकायतों पर सुनवाई करते हुए कहा कि जनता की एक-एक शिकायत हमारे लिए आदेश है। जो अधिकारी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेंगे उनसे जवाब मांगा जाएगा। हर जायज समस्या का निश्चित समाधान होगा और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त डॉ दहिया ने कहा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जन-सुनवाई अब सिर्फ औपचारिकता नही बल्कि जिम्मेदारी और जवाबदेही का कड़ा मंच है। समाधान शिविर में एसडीएम मनदीप कुमार ने विभागवार लंबित समस्याओं की जानकारी देते हुए निर्देश दिए कि जिन विभागों ने अभी तक अपेक्षित कार्य नहीं किया है, वे तुरंत गति तेज करें और समयबद्ध रूप से समाधान सुनिश्चित करें। सीईओ डॉ. किरण व निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी ने कहा कि आज के समाधान शिविर में हमने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और विभागीय टीमों के साथ मिलकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित निर्णय लिए।

**योजनाओं का जनता तक लाभ पहुंचे**

डीएसपी आत्मा राम ने कहा कि हमें जनता से सीधे संवाद का अवसर मिलता है। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि योजनाओं का जनता तक लाभ पहुंचे। समाधान शिविर में प्रार्थी लखमी, रामदिया, सूरजभान, विनोद, राजकुमार वासी कचरौली ने प्रशासन से गांव के अंदर से फैक्टरी हटवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। वहीं प्रार्थी यशपाल ने मॉडल टाउन में डाकघर में पावर हाउस के बीच पड़ी जमीन के स्थान पर थाना बनवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ दिव्या साहनी, डीईओ राकेश बूरा, डीएफएससी कुमारी नीतू, डॉ.प्रज्ञा (ईएसआई) जन स्वास्थ्य विभाग से कार्यकारी अभियंता करण बहल, डीपीओ परमिंदर कौर, सहायक अभियंता कृषि सुधीर, डॉ.अशोक लोहान, कोच सुषमा, सहायक रोजगार अधिकारी विनीता आदि मौजूद रहे।

---

# जिला बनेगा औद्योगिक रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास का अग्रणी केंद्र : डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया के साथ आरईपीएल के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर रजनीश कुमार। फोटो: हरिभूमि

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने क्षेत्रीय योजना 2041 के तहत शिक्षा और कौशल विकास को मजबूत बनाने के लिए कार्यात्मक योजना तैयार करने की दिशा में कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए रुद्राभिषेक एन्टर प्राइजेज लिमिटेड को परामर्शदाता संस्था के रूप में अधिकृत किया गया है। परियोजना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की बैठकों के बाद परामर्शदाता दल अब जिला स्तर पर स्थिति का विस्तृत अध्ययन करने के लिए मैदान में उतर रहा है। इसी कड़ी में आज जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया के साथ आरईपीएल के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर रजनीश कुमार ने प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा की। डीसी डॉ.वीरेंद्र दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड द्वारा शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में शुरू की गई यह पहल न केवल क्षेत्रीय महत्व की है, बल्कि पानीपत के भविष्य को नए आयाम देने वाली है। पानीपत एक ऐतिहासिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक महत्व वाला जिला है। यहां की प्रसिद्ध हस्तशिल्प परंपराएं, कपड़ा उद्योग, निर्यात आधारित इकाइयां और उभरती हुई नई औद्योगिक गतिविधियाँ इस बात का प्रमाण हैं कि यदि युवाओं को सही दिशा में कौशल प्रदान किया जाए, तो यह जिला रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास का एक अग्रणी केंद्र बन सकता है।

---

# 500 से अधिक पौधे लगाए

- लेबोरेट फार्मास्यूटिकल्स ने पौधे लगाकर अपनी ग्रीन पहल की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत


पानीपत। पौधरोपण करते हुए लेबोरेट फार्मास्युटिकल्स के निदेशक अर्पित भाटिया। फोटो: हरिभूमि

भारत की प्रमुख फार्मास्युटिकल मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्टिंग कंपनियों में से एक लेबोरेट फार्मास्युटिकल्स ने 500 से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को और मजबूत किया है। लेबोरेट फॉर नेचर कार्यक्रम के तहत यह पौधरोपण स्थानीय भागीदारों के सहयोग से पानीपत क्षेत्र में किया गया। इस अभियान का फोकस स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए उपयुक्त देसी प्रजातियों के पौधे लगाने पर था, जो जैव विविधताए मिट्टी के स्वास्थ्य और लंबे समय तक पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में मदद करते हैं। लेबोरेट आने वाले महीनों में पौधों की निरंतर देखभाल और उनके जीवित रहने को सुनिश्चित करने के लिए पौधरोपण के बाद की देखभाल की भी निगरानी करेगा।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य अभिन्न अंग**

लेबोरेट फार्मास्युटिकल्स के निदेशक अर्पित भाटिया ने कहा कि एक ऐसी कंपनी के तौर पर जो जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जुड़ी है, हमारा मानना है कि पर्यावरण की जिम्मेदारी सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में लेबोरेट फार्मास्युटिकल्स एक भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवा संगठन के रूप में विकसित हुआ है।

---

# जनता की सेवा ही हमारा लक्ष्य : महीपाल ढांडा


पानीपत। जनता दरबार में प्रदेश वासियों की समस्याएं सुनते हुए मंत्री महीपाल ढांडा।

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

- जनता दरबार लगाया तथा प्रदेश वासियों की समस्याएं सुनीं

जनता की सेवा हमारा संकल्प के मिशन को सार्थक करते हुए प्रदेश के शिक्षामंत्री एवं पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने आज हुडा सेक्टर 13-17 स्थित जिला भाजपा कार्यालय श्याम कमल में आयोजित जनता दरबार लगाया तथा प्रदेश वासियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि जनता की हर छोटी.बड़ी समस्या को गंभीरता से लेना और उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना ही उनकी प्राथमिकता है। जनता की सेवा ही उनका लक्ष्य है और यही उनका प्रथम कर्तव्य भी है।

---

**निर्माण** | इसराना में तीन साल से ज्यादा समय से तहसील भवन का निर्माण कार्य चल रहा

# अलविदा 2025: नए तहसील भवन को शुभारंभ का इंतजार

- इसराना में जो तहसील भवन बनाया जा रहा है उसमें दो मंजिला इमारत शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭इसराना


इसराना। निर्माणाधीन तहसील भवन जिसका काम जोरों पर चल रहा है।

इसराना में तीन साल से ज्यादा समय से तहसील भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके शुभारंभ की अनेकों बार तारीख मिलने के बाद भी समय पर काम पूरा नहीं हुआ। इस तहसील भवन का शुभारंभ 2025 को होना था जो पूरा होते होते साल 2025 भी अलविदा हो गया, अब फरवरी 2026 में होने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि इसराना को उपमंडल का दर्जा मिला हुआ है और यहां पर उपमंडल अधिकारी नागरिक अर्थात एसडीएम कार्यालय कैनाल रेस्ट हाउस में चल रहा है। इसराना में जो तहसील भवन बनाया जा रहा है उसमें दो मंजिला इमारत शामिल है। जिसमें दोनों साइड लिफ्ट हैं। सभी चैम्बर ओर छोटे बड़े हाल मिलाकर 35 कमरें हैं। जिसमें जब तक इसराना का मिनी सचिवालय नहीं बनता एसडीएम कार्यालय, एसडीएम कोर्ट, रिकार्ड रूम के साथ साथ नायब तहसीलदार कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय, नकल ब्रांच, रिकार्ड रूम, आनलाइन रजिस्ट्री रुम, कानूनगो कार्यालय, मालखाना, हल्का पटवारी कार्यालय, सर्वर रूम, ग्राउंड फ्लोर से लेकर हर मंजिल पर मेल फिमेल शौचालय बनायें गये हैं। कैंटिन से लेकर वाहन पार्किंग ओर पार्क तक सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ साथ तहसील भवन के पीछे नायब तहसीलदार, तहसीलदार से लेकर तहसील कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए आवास बनाये गये हैं। निर्माणाधीन तहसील भवन को अन्तिम रूप देने के लिए रंग रोगन, पेंट, खिडक्री दरवाजों,बिजली फिटिंग सौर ऊर्जा पानी व्यवस्था का काम जारी है।

**शानदार भवन बन रहा**



इसराना एसडीएम नवदीप ने बताया है कि इसराना का तहसील भवन एक शानदार भवन बन रहा है। जिसका काम अंतिम चरण में है। इसका शुभारंभ नये साल फरवरी 2026 में होगा। जिसमें इसराना का एसडीएम कार्यालय भी यहीं पर हस्तांतरित होगा। जनता के काम काफी हद तक एक ही छत के नीचे होंगे।

